# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 29/10/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

## Section : Numerical and Mathematical Ability

**Q.1** साधारण ब्याज पर गोपाल द्वारा निवेश की गई धनराशि 3 वर्षों में ₹16,150 और 4 वर्षों में ₹16,540 हो जाती है। उसके द्वारा निवेश किया गया मूलधन क्या था?

**Ans** A). ₹16,150 B). ₹14,980 C). ₹18,150 D). ₹11,150

**Correct Answer: B**

**Q.2** शुरुआती 24 मैचों में एक क्रिकेट खिलाड़ी औसतन 60 रन बनाता है। सभी 32 मैचों का कुल औसत 80 है। अंतिम 8 मैचों का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 140 B). 110 C). 120 D). 130

**Correct Answer: A**

**Q.3** एक खुदरा विक्रेता किसी वस्तु की खरीद पर निम्नलिखित छूट योजनाएँ प्रदान करता है। कौन-सी योजना ग्राहक के लिए सबसे कम फायदेमंद होगी?
i. 30% की छूट।
ii. 22% की छूट के बाद 8% की छूट।
iii. 25% और 5% की क्रमिक छूट।

**Ans** A). योजना ii और योजना iii B). योजना iii C). योजना ii D). योजना i

**Correct Answer: C**

**Q.4** एक पंसारी चावल की दो किस्मों का मिश्रण ₹48 प्रति किलोग्राम पर बेचना चाहता है। इस विक्रय मूल्य तक पहुंचने के लिए उसे चावल को किस अनुपात में मिलाना चाहिए, यदि चावल की एक किस्म का मूल्य ₹42 प्रति किलोग्राम और दूसरी किस्म का मूल्य ₹60 प्रति किलोग्राम है?

**Ans** A). 3 : 2 B). 2 : 1 C). 1 : 2 D). 2 : 3

**Correct Answer: B**

**Q.5** 2 वर्षों के लिए 4% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 200 B). 160 C). 240 D). 140

**Correct Answer: A**

**Q.6** एक खोखले अर्धगोले का व्यास 30 cm है। इसे पानी से पूर्णतया भरा जाता है। जब प्रत्येक 0.75 cm त्रिज्या वाली गोलाकार सीसे की गोलियां अर्धगोले में डाली जाती हैं, तो पानी का 2/5वाँ भाग बाहर बह जाता है। अर्धगोले में कितनी सीसे की गोलियां डाली गईं?

**Ans** A). 1380 B). 2250 C). 1575 D). 1600

**Correct Answer: D**

**Q.7** दो बेलनों की आधार की त्रिज्याओं और उनकी ऊँचाईयों का अनुपात क्रमशः 4 : 3 और 9 : 8 है। उनके वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 4 : 5 B). 5 : 6 C). 3 : 2 D). 2 : 3

**Correct Answer: C**

**Q.8** एक लंबवृत्तीय बेलन का वक्र-पृष्ठीय क्षेत्रफल 8580 $cm^2$ है। यदि बेलन की ऊँचाई 15 cm है, तो वृत्तीय आधार का व्यास (cm में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans** A). 91 B). 152 C). 137 D). 182

**Correct Answer: D**

**Q.9** दो एथलीट X और Y एक वृत्ताकार पथ पर दौड़ रहे हैं जिसकी परिधि 500 m है। एथलीट X, 18 km/h की चाल से दौड़ता है और Y विपरीत दिशा में 9 km/h की चाल से दौड़ता है। कितने समय में वे पहली बार मिलेंगे?

**Ans** A). 50 s B). 200 s C). 27.77 s D). 66.66 s **Correct Answer: D**


**Q.10** $2^3 \times 3^3 \times 5^2 \times 7^2, 2^4 \times 3^2 \times 5^3 \times 7^2$ और $3 \times 5 \times 7 \times 11$ का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात करें।

**Ans** A). 105 B). 1155 C). 360 D). 1260 **Correct Answer: A**

**Q.11** एक आदमी के प्रति दिन काम के घंटों में 10% की वृद्धि कर दी गई और उसके प्रति घंटा वेतन में 5% की वृद्धि कर दी गई। उसकी दैनिक आय (daily earnings) में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

**Ans** A). 15.5% B). 10.3% C). 5% D). 12.2% **Correct Answer: A**

**Q.12** निम्नलिखित दंड आलेख 2015-2020 तक XYZ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निधि प्रवाह को दर्शाता है। 2015-2017 तक निधि में वृद्धि की औसत दर का प्रतिशत (लगभग) ज्ञात कीजिए।




संदर्भ: Fund (cr.) = = निधि (करोड़ में)

**Ans** A). 16% B). 30% C). 32% D). 15% **Correct Answer: A**

**Q.13** ₹20 में एक वस्तु को बेचकर, एक विक्रेता 10% का लाभ अर्जित करता है। उसे अपना विक्रय मूल्य (₹ में, दो दशमलव स्थान तक सन्निकटित) कितना बढ़ाना चाहिए, ताकि 30% का लाभ अर्जित कर सके?

**Ans** A). 6.64 B). 4.64 C). 3.64 D). 5.64 **Correct Answer: C**

**Q.14** किस राशि (₹ में) पर 16% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 4 वर्षों में ₹240 का साधारण ब्याज अर्जित होगा?

**Ans** A). 500 B). 800 C). 750 D). 375 **Correct Answer: D**

**Q.15** अर्जुन ने ₹25 प्रति लीटर के मूल्य वाला मिश्रण बनाने के लिए तीन भिन्न-भिन्न तेलों को मिलाया। तेल की तीनों किस्मों का अनुपात 1 : 5 : 2 था। दूसरी किस्म का मूल्य (प्रति लीटर ₹ में) कितना है, यदि पहली और तीसरी किस्म का प्रति लीटर मूल्य क्रमशः ₹20 और ₹30 था?

**Ans** A). 25 B). 28 C). 24 D). 26 **Correct Answer: C**

**Q.16** निम्नलिखित डेटा तालिका का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। प्रत्येक विषय के लिए अधिकतम अंक 100 है।

| विषय | प्राप्त अंक |
|---|---|
| गणित | 83 |
| विज्ञान | 51 |
| हिंदी | 68 |
| अंग्रेजी | 62 |
| संस्कृत | 71 |

कम उपस्थिति (poor attendance) के कारण प्रत्येक विषय में से सात अंक काटे जाने हैं। इस विद्यार्थी द्वारा प्राप्त किए गए निवल औसत अंक (net average marks) क्या होंगे?

**Ans** A). 56 B). 60 C). 67 D). 65 **Correct Answer: B**

**Q.17** 1 km की एक गोलाकार दौड़ में, दो व्यक्ति X और Y एक ही बिंदु से एक ही समय पर क्रमशः 9 km/h और 18 km/h की चाल से दौड़ना शुरू करते हैं। एक ही दिशा में दौड़ते हुए वे पहली बार शुरुआती बिंदु पर कब मिलेंगे?

**Ans** A). 240 sec B). 360 sec C). 180 sec D). 400 sec **Correct Answer: D**

**Q.18** एक गणित की परीक्षा में दो छात्रों ने 95, छः छात्रों ने 90, तीन छात्रों ने 80 और एक छात्र ने 50 अंक प्राप्त किए। कक्षा का औसत अंक क्या था ?

**Ans** A). 96.25 B). 82 C). 78.75 D). 85

**Correct Answer: D**

**Q.19** यदि P (P > 0) वह न्यूनतम संभव संख्या है जिसे 7, 9 और 12 में से घटाए जाने पर परिणामी संख्याएँ सतत अनुपात में होंगी, तो $P^2 + 1$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 8 B). 12 C). 10 D). 3

**Correct Answer: C**

**Q.20** एक विक्रेता ने ₹5 प्रति टॉफी की दर से टॉफियां खरीदी। 20% का लाभ कमाने के लिए उसे टॉफी किस कीमत पर बेचना चाहिए?

**Ans** A). ₹5.50 B). ₹6.00 C). ₹5.25 D). ₹5.75

**Correct Answer: B**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पिल्ले, कुत्ते हैं।
सभी कुत्ते, जानवर हैं।
निष्कर्ष:
I. सभी जानवर, पिल्ले हैं।
II. कुछ कुत्ते, पिल्ले नहीं हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं। B). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। C). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। D). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**Correct Answer: C**

**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में, 'i am infinite' को 'la ma ra' के रूप में लिखा जाता है और 'universe is infinite' को 'ra ba ta' के रूप में लिखा जाता है। इसी कूट भाषा में 'infinite' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). ma B). ra C). ba D). la

**Correct Answer: B**

**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर VOAH एक निश्चित प्रकार से YPBK से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार RGDS, UHEV से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, IBXC निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). NEZF B). LCYF C). MDYG D). KCZD

**Correct Answer: B**

**Q.4** किसी कूट भाषा में, 'JSCQ' को 'MNJH' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BYTE' को 'ETAV' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'SEWX' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). VXDM B). WZEO C). WXEM D). VZDO

**Correct Answer: D**

**Q.5** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**DEF, JKL, PQR, VWX, ?**

**Ans** A). ZBE B). UWZ C). BCD D). YZB

**Correct Answer: C**

**Q.6** निम्नलिखित समीकरण में यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**24 × 12 – 5 ÷ 2 + 7 = ?**

**Ans** A). 5 B). 3 C). 7 D). 8


**Correct Answer: A**

**Q.7** किसी कूट भाषा में, 'ZHBN' को 'BEFI' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LFWJ' को 'NCAE' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'HVDK' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). KTJD B). JTHD C). KSIF D). JSHF

**Correct Answer: D**

**Q.8** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans** A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**


**Q.9** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**46, 44, 40, 38, 34, 32, ?**

**Ans** A). 28 B). 24 C). 26 D). 30


**Correct Answer: A**


**Q.10** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(X)

**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.11** छः कर्मचारी धीरज, रोशन, सतीश, पवन, तरूण और नीरज एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। सतीश, पवन के ठीक दाएँ बैठा है। नीरज, सतीश के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। तरूण, नीरज के ठीक बाएँ बैठा है। नीरज और रोशन के बीच में केवल तरूण बैठा है। सतीश और रोशन के बीच में कौन बैठा है?

**Ans** A). नीरज B). धीरज C). पवन D). तरूण


**Correct Answer: B**

**Q.12** TVRM, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से VUPN से संबंधित है। उसी प्रकार ROEP, TNCQ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए KOCB निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?


**Ans** A). MNBC B). NMAC C). MNAC D). NMBC


**Correct Answer: C**


**Q.13** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान करें, जिसे प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 


B). 


C). 


D). 


**Correct Answer: B**

---

**Q.14** निम्नलिखित में से किन चिह्नों को आपस में बदलने पर दिया गया समीकरण सही हो जाएगा?

**25 − 63 ÷ 3 + 7 × 5 = 11**

**Ans** A). − और ×  B). + और −  C). + और ÷  D). ÷ और −

**Correct Answer: B**

---

**Q.15** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BUSY' को '8642' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SIDE' को '7536' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 5  B). 6  C). 7  D). 4

**Correct Answer: B**

---


**Q.16** A, B, C, D, E, F और G, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। G और E के बीच में केवल C बैठा है। E, F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, F के ठीक बाईं ओर बैठा है। B, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). D  B). B  C). F  D). C


**Correct Answer: C**


---


**Q.17** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे '?' के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 


B). 


C). 


D). 


**Correct Answer: A**

---

**Q.18** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**कुछ मग, कप हैं।**
**कोई भी कागज, मग नहीं है।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कुछ कप, मग हैं।**
**(II) कोई भी कागज, कप नहीं है।**

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है  B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है  C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Correct Answer: D**

Q.19 10, एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 6 से संबंधित है। 14, उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 8 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 24, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 16 B). 15 C). 11 D). 13

Correct Answer: D

Q.20 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(38, 31, 47)
(42, 35, 51)

Ans A). (29, 21, 39) B). (46, 40, 49) C). (54, 47, 63) D). (33, 24, 30)

Correct Answer: C

Section : **General Awareness**

Q.1 थर्मोहैलाइन सर्कुलेशन (Thermohaline Circulation) पूरी दुनिया में निम्नलिखित में से किस महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कारक को सीधे प्रभावित करता है?

Ans A). भू-आकृतियों B). जलवायु C). प्राकृतिक संसाधनों D). हवा में प्रदूषण

Correct Answer: B

Q.2 निम्नलिखित में से किसे कुचिपुड़ी नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार 2022 प्राप्त हुआ?

Ans A). स्मिता राजेशभाई शास्त्री B). चरण गिरधर चांद C). कुमकुम लाल D). माखन चंद्र बोरा

Correct Answer: A

Q.3 कई जैविक प्रक्रियाएँ एंजाइमों द्वारा उत्प्रेरित होती हैं। पाचन एंजाइम कोशिका के किस भाग में मौजूद होते हैं?

Ans A). गॉल्जी संमिश्र B). राइबोसोम C). सूत्रकणिका D). लाइसोसोम

Correct Answer: D

Q.4 स्वर्ण सिंह समिति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

Ans A). 42वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम इसकी अनुशंसाओं पर आधारित था। B). स्वर्ण सिंह समिति की स्थापना 1976 में की गई थी। C). इस समिति की स्थापना इंदिरा गांधी की सरकार के दौरान की गई थी। D). इसने नागरिकों के कर्तव्यों के रूप में नौ मदों का सुझाव दिया।

Correct Answer: D

Q.5 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में लिंगानुपात प्रति 1000 पुरुषों पर 1037 महिलाएँ दर्ज किया गया था?

Ans A). पुदुचेरी B). चंडीगढ़ C). अंडमान व निकोबार द्वीप समूह D). लक्षद्वीप

Correct Answer: A

Q.6 297 ईसा पूर्व में कौन-सा शासक चंद्रगुप्त मौर्य का उत्तराधिकारी बना?

Ans A). कनिष्क B). अशोक C). कुमारगुप्त D). बिन्दुसार

Correct Answer: D

Q.7 तीजन बाई निम्नलिखित में से किस नृत्य से जुड़ी हैं?

Ans A). पंडवानी B). झूमर C). बगुरुम्बा D). गरबा

Correct Answer: A

Q.8 निम्नलिखित पैरा एथलीटों में से कौन-सा एथलीट ऊंची कूद स्पर्धा (High Jump event) से जुड़ा है?

Ans A). अवनि लेखरा (Avani Lekhara) B). मरियप्पन थंगावेलु (Mariyappan Thangavelu) C). दीपा मलिक (Deepa Malik) D). अजीत सिंह यादव (Ajeet Singh Yadav)

Correct Answer: B

Q.9 निम्नलिखित में से किस राज्य में जॉन बील मेला (Jon Beel mela) हर वर्ष आयोजित किया जाता है?

Ans A). अरुणाचल प्रदेश B). असम C). तेलंगाना D). हरियाणा

Correct Answer: B

Q.10 जब 1347 ई. (CE) में बहमनी साम्राज्य की स्थापना हुई थी, तब निम्नलिखित में से कौन दिल्ली का सुल्तान था?

Ans A). मुहम्मद बिन तुगलक B). बहलोल लोदी C). गयासुद्दीन तुगलक D). मुबारक शाह खिलजी

Correct Answer: A

**Q.11** निम्नलिखित में से क्या राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं है?

Ans A). किसी व्यक्ति को उसकी पूंजी के उपयोग के लिए प्राप्त हुई आय B). एक परिवार को उनकी भूमि के उपयोग के लिए प्राप्त हुई आय C). एक परिवार को उनके उद्यमशीलता कौशल के उपयोग के लिए प्राप्त हुई आय D). किसी व्यक्ति को दान के रूप में प्राप्त हुई आय

Correct Answer: D

**Q.12** दो जलाशयों के बीच जहाज महल नामक एक सुंदर दो मंजिला 'शिप पैलेस' किसने बनवाया था?

Ans A). सुल्तान ग़यासुद्दीन ख़िलजी B). सुल्तान मुहम्मद बिन तुग़लक C). सुल्तान अलाउद्दीन ख़िलजी D). सुल्तान ग़यासुद्दीन तुग़लक

Correct Answer: A

**Q.13** एम. बालामुरलीकृष्ण (M Balamuralikrishna) को 1991 में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था?

Ans A). हिंदुस्तानी संगीत B). कर्नाटक संगीत C). जैज़ संगीत D). लोक संगीत

Correct Answer: B

**Q.14** बंगाल के उस समाज सुधारक का नाम बताइए, जिसने हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम (Hindu Widows' Remarriage Act ), 1856 को लागू करने (enactment) में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

Ans A). सत्येंद्र नाथ बोस B). रवीन्द्रनाथ टैगोर C). ईश्वरचंद्र विद्यासागर D). स्वामी विवेकानंद

Correct Answer: C

**Q.15** निम्नलिखित में से किस पुस्तक में लेखक ने द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिकाओं और त्रासदी का वर्णन किया है?

Ans A). ड्रीम्स फ्रॉम माय फादर (Dreams from my father) B). द डायरी ऑफ अ यंग गर्ल (The Diary of a young girl) C). आई नो व्हाई द केज्ड बर्ड सिंग्स (I know why the caged bird sings) D). लॉन्ग वॉक टु फ्रीडॅम (Long walk to freedom)

Correct Answer: B

**Q.16** अपघटकों द्वारा कार्बनिक पदार्थ को सरल यौगिकों में तोड़ने की प्रक्रिया का नाम क्या है?

Ans A). किण्वन B). श्वसन C). प्रकाश संश्लेषण D). अपघटन

Correct Answer: D

**Q.17** भारत के निम्नलिखित में से किस शहर में पहली सफल कपड़ा मिल स्थापित की गई थी?

Ans A). चेन्नई B). लुधियाना C). मुंबई D). कोलकाता

Correct Answer: C

**Q.18** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, सबसे अधिक लिंगानुपात वाला राज्य कौन सा है?

Ans A). केरल B). आंध्र प्रदेश C). तमिलनाडु D). कर्नाटक

Correct Answer: A

**Q.19** केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी निम्नलिखित में से किस नदी बेसिन (basin) में स्थित है?

Ans A). महानदी B). कावेरी C). कृष्णा D). यमुना

Correct Answer: B

**Q.20** एक 0.25 g कार्बनिक यौगिक, पूर्ण दहन के पश्चात् 0.13 g जल देता है। हाइड्रोजन का प्रतिशत संघटन (percentage composition), ________ है।

Ans A). 4.58% B). 5.78% C). 11.11% D). 52.00%

Correct Answer: B

**Q.21** 2023-24 में प्रस्तावित, आयकर अधिनियम 1961 की कौन-सी धारा 75 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयकर रिटर्न दाखिल करने से छूट देती है?

Ans A). धारा 194P B). धारा 80c C). धारा 139A D). धारा 234C

Correct Answer: A

**Q.22** 2023 में, भारत सरकार ने आर्द्रभूमि के इष्टतम उपयोग को प्रोत्साहित करने और स्थानीय समुदायों के लिए जैव-विविधता, कार्बन स्टॉक, पर्यावरण-पर्यटन के अवसरों और आय सृजन को बढ़ाने के लिए अगले __________ में 'अमृत धरोहर योजना' को लागू करने का प्रस्ताव रखा था।

Ans A). पांच वर्ष B). दो वर्ष C). सात वर्ष D). तीन वर्ष

Correct Answer: D

**Q.23** निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत भारत में संघीय न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया था?

Ans A). 1919 का भारत सरकार अधिनियम B). 1909 का भारतीय परिषद अधिनियम C). 1935 का भारत सरकार अधिनियम D). 1773 का रेग्युलेटिंग अधिनियम

Correct Answer: C

**Q.24** राज्य विधानमंडल (State Legislature) में किस सदन को निचला सदन माना जाता है?

Ans A). लोकसभा B). विधानसभा C). विधान-परिषद D). राज्यसभा

Correct Answer: B

**Q.25** चिप (Chip), कोंडोर (Condor), डफ (Duff) और ड्राइवर (Driver) _________ में प्रयुक्त होने वाले कुछ शब्द हैं।

Ans A). हॉर्स पोलो B). शतरंज C). तैराकी D). गोल्फ

Correct Answer: D

Section : **English Language and Comprehension**

**Q.1** **Select the most appropriate meaning of the idiom from the options given below.**
**A square peg in a round hole**

**Ans** A). a person who fits the job B). a person who is criminal by nature C). a person who does not fit the job D). a person who is bankrupt

**Correct Answer: C**

**Q.2** **Rectify the sentence by selecting the correct spelling from the options.**
**Despite his busy scheuduel, Rohit managed to complete the assignment on time.**

**Ans** A). scedhule B). schedeule C). schedule D). scheudul

**Correct Answer: C**

**Q.3** **Select the word that has the same meaning (SYNONYM) as the underlined word in the given sentence.**

**The town, where Haruki lived, stood in <u>imminent</u> danger of tidal waves.**

**Ans** A). eminent B). prominent C). immaculate D). impending

**Correct Answer: D**

**Q.4** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The arrangements of the little boy's birthday party were _________ nice. We could not help but appreciate it.**

**Ans** A). few B). many C). extremely D). little

**Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution'.**

**While I was teaching the elder one, <u>the younger one take an opportunity and ran away</u>.**

**Ans** A). the younger one took an opportunity and ran away B). No substitution C). the younger one will take an opportunity and ran away D). the younger one has taken an opportunity and ran away

**Correct Answer: A**

**Q.6** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**This is the <u>cheap</u> saree in my collection.**

**Ans** A). more cheap B). most cheapest C). cheaper D). cheapest

**Correct Answer: D**

**Q.7** **Select the option that can be used as one-word substitute for the given group of words**

**A policy that separates people on the basis of race**

**Ans** A). Apostasy B). Apartheid C). Apiary D). Apostle

**Correct Answer: B**

**Q.8** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Fundementel B). Transcendental C). Regimental D). Detrimental

**Correct Answer: A**

**Q.9** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**This is the <u>old</u> tree in the colony.**

**Ans** A). oldest B). elder C). older D). most old

**Correct Answer: A**

**Q.10** **Select the most appropriate meaning of the given phrase.**
**Feel the pinch**

**Ans** A). Raise quality B). Give pain C). Experience hardship D). Demand something

**Correct Answer: C**

**Q.11** **Identify the ANTONYM of the word in brackets.**
**The athlete's (languid) performance disappointed the fans as well as coaches.**

**Ans** A). Listless B). Relaxed C). Vigorous D). Lethargic

**Correct Answer: C**

**Q.12** **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Ephemeral**

**Ans** A). Durable B). persistent C). Permanent D). Fleeting

**Correct Answer: D**

**Q.13** **Select the appropriate option that can substitute the underlined word in the following sentence to make it grammatically correct.**

**This novel is <u>more interesting</u> of all in the library.**

**Ans** A). interesting B). the more interesting C). most interesting D). the most interesting

**Correct Answer: D**

**Q.14** **In the following sentence the underlined part contains an error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**The house seemed much <u>far</u> than she expected.**

**Ans** A). farthest B). farther C). farer D). more far

**Correct Answer: B**

---

**Q.15** **Correct the underlined part of the sentence.**

**They have a <u>few</u> juice in the jar.**

**Ans** A). least B). little C). lesser D). fewer

**Correct Answer: B**

---

**Q.16** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**The method and practice of teaching**

**Ans** A). Strategy B). Pedagogy C). Objective D). Learning

**Correct Answer: B**

---

**Q.17** **Select the most appropriate set of words to fill the blanks.**

**I was trying to __________ a pen to sign a form as my brother had been ___________ Rupees 500 for breaking the traffic rules.**

**Ans** A). fined; find B). find; fined C). fined; fined D). find; find

**Correct Answer: B**

---

**Q.18** **Select the INCORRECTLY spelt word..**

**Ans** A). Consistent B). Embarrassment C). Occurrence D). Manoevre

**Correct Answer: D**

---

**Q.19** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**Abhay's <u>humility</u> towards the poor and needy people of his locality is really admirable.**

**Ans** A). Modesty B). Arrogance C). Amicability D). Sincerity

**Correct Answer: B**

---

**Q.20** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.**

**Raman is as <u>worse</u> as Raju in solving mathematical problems.**

**Ans** A). worst B). best C). worsen D). bad

**Correct Answer: D**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There lived in a town in Russia a bootmaker named Martin. He lived in a small room, half sunk _____1_____ the level of the street, with one window which ______2_____ on the street. He had lived in the same room for many years and knew many people. There was _____3_____ a pair of boots in the town and in the country for many miles _____4_____ that had not once or twice passed _____5_____ his hands.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). inside B). amidst C). below D). beyond

**Correct Answer: C**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There lived in a town in Russia a bootmaker named Martin. He lived in a small room, half sunk _____1_____ the level of the street, with one window which ______2_____ on the street. He had lived in the same room for many years and knew many people. There was _____3_____ a pair of boots in the town and in the country for many miles _____4_____ that had not once or twice passed _____5_____ his hands.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). arrived B). touched C). opened D). aimed

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There lived in a town in Russia a bootmaker named Martin. He lived in a small room, half sunk _____1_____ the level of the street, with one window which ______2_____ on the street. He had lived in the same room for many years and knew many people. There was _____3_____ a pair of boots in the town and in the country for many miles _____4_____ that had not once or twice passed _____5_____ his hands.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). now B). always C). hardly D). besides

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There lived in a town in Russia a bootmaker named Martin. He lived in a small room, half sunk _____1_____ the level of the street, with one window which ______2_____ on the street. He had lived in the same room for many years and knew many people. There was _____3_____ a pair of boots in the town and in the country for many miles _____4_____ that had not once or twice passed _____5_____ his hands.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). around B). above C). below D). round

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There lived in a town in Russia a bootmaker named Martin. He lived in a small room, half sunk _____1_____ the level of the street, with one window which ______2_____ on the street. He had lived in the same room for many years and knew many people. There was _____3_____ a pair of boots in the town and in the country for many miles _____4_____ that had not once or twice passed _____5_____ his hands.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). through B). off C). in D). at

**Correct Answer: A**